माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की अध्यक्षता में दिनांक– 30.10.2026 को श्री गुरु गोविन्द जी महाराज के 360वीं जयंती के अवसर पर किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा बैठक की कार्यवाही:–

श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज की 360वीं जयंती के अवसर पर प्रकाशोत्सव समारोह किया जाना है, जिसका मुख्य कार्यक्रम 09 जनवरी, 2027 से 16 जनवरी, 2027 तक प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संबंधित विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा की गई तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों, माननीय जन प्रतिनिधियों एवं गुरूद्वारा प्रबंधन समिति से उनके सुझाव प्राप्त किये गए।

2. सर्वप्रथम बैठक में आयोजन का राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार–प्रसार हेतु **"बिहार है तैयार जी आयां नू"** स्लोगन एवं लोगो पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सहमति प्रदान की गई।

3. उक्त समिक्षात्मक बैठक में श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज के 360वीं जयंती के अवसर पर प्रकाशोत्सव समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों तथा उन कार्यों को पूर्ण करने हेतु निर्धारित समयावधि के साथ एक प्रस्तुतिकरण जिला पदाधिकारी, पटना द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसके अनुरूप विभागवार किये जाने वाले कार्यों तथा निर्धारित समयावधि निम्नवत् है:–

➢ पर्यटन विभाग

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	75 बसों की बुकिंग (स्थानीय परिवहन हेतु 50 एवं राजगीर हेतु 25)	02 जनवरी, 2027
2	राजगीर भ्रमण की व्यवस्था	02 जनवरी, 2027
3	स्मृति चिह्न एवं कॉफी टेबल बुक की आपूर्ति	02 जनवरी, 2027
4	स्वागत किट	02 जनवरी, 2027
5	लगभग 20,000 श्रद्धालुओं हेतु टेंट सिटी का निर्माण (लकड़ी के फर्श/प्लेटफॉर्म सहित)	31 दिसंबर, 2026
6	गंगा नदी के किनारे टीन शेड बैरिकेडिंग	31 दिसंबर, 2026
7	लगभग 10,000 श्रद्धालुओं हेतु दीवान हॉल का निर्माण (मंच, साउंड, लाइट एवं एल.ई.डी. स्क्रीन सहित) जोड़ा घर, गठरी घर, प्रसाद वितरण एवं प्रशासनिक कक्षों की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
8	लंगर हेतु हैंगर की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026

9	टेंट सिटी में शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
10	गतका (मार्शल आर्ट), घुड़सवारी, कबड्डी एवं खो–खो हेतु स्टेडियम का निर्माण	31 दिसंबर, 2026
11	स्टेडियम के निकट घोड़ों हेतु अस्तबल का निर्माण तथा लगभग 400 देखरेखकर्ताओं हेतु आवासन सुविधा एवं लंगर संख्या 3 की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
12	टेंट सिटी एवं उसके आसपास 5 नियंत्रण कक्षों (कंट्रोल रूम) का निर्माण	31 दिसंबर, 2026
13	15 जनवरी 2027 को कंगन घाट पर 1000 ड्रोन द्वारा ड्रोन शो	05 जनवरी, 2027
14	16 जनवरी 2027, 2:30 AM गुरुद्वारा परिसर के आसपास आतिशबाजी	31 दिसंबर, 2026
15	360वें प्रकाश पर्व हेतु मोबाइल ऐप का निर्माण (प्रतिनियुक्त सरकारी कर्मियों की उपस्थिति सहित)	31 दिसंबर, 2026
16	निहंग जत्थों हेतु पृथक टेंट एवं स्टेडियम की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
17	लेजर शो/लाइट एंड साउंड शो (कंगन घाट)	31 दिसंबर, 2026
18	प्रदर्शनी एवं सिख इतिहास पर आधारित फोटो गैलरी की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
19	मोटिफ लाइट गेट	31 दिसंबर, 2026
20	तख्त साहिब जी के मुख्य दर्शनी डियोढ़ी के गुम्बज में चारों ओर डिजिटल कलरफुल लाइट लगाने का कार्य	31 दिसंबर, 2026
21	तख्त श्री हरमंदिर जी एवं संबद्ध गुरुद्वारों में सजावटी रोशनी एवं पुष्प सज्जा	31 दिसंबर, 2026
22	कंगन घाट पर बनाये गये सीढ़ियों एवं गुम्बज आदि का रंग–रोगन	31 दिसंबर, 2026
23	बुजुर्ग यात्रियों की सेवा हेतु बैटरी चालित वाहन की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
24	विशिष्ट अतिथियों हेतु स्वागत एवं सम्मान किट (स्मृति चिह्न, श्री साहिब, शॉल, पुस्तकें एवं कैलेंडर)	31 दिसंबर, 2026
25	साइनेज, होर्डिंग एवं आमंत्रण–पत्र	20 नवम्बर, 2026
26	विभिन्न प्रकार के क्रिएटिव का निर्माण	20 नवम्बर, 2026
27	फ्लैक्स पाथवे ब्रांडिंग के माध्यम से प्रचार–प्रसार	20 नवम्बर, 2026
28	समाचार पत्रों में विज्ञापन	20 नवम्बर, 2026
29	टी०वी० कमर्शियल एवं रेडियो जिंगल का निर्माण (सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से प्रसारण हेतु)	20 नवम्बर, 2026
30	संगत को आमंत्रित करने हेतु संपर्क अभियान एवं प्रेस वार्ता	20 नवम्बर, 2026
31	पटना साहिब गुरुद्वारा का स्मृति चिह्न	31 दिसंबर, 2026
32	लघु वृत्तचित्र का निर्माण	31 दिसंबर, 2026
33	स्थानीय व्यंजनों हेतु फूड कोर्ट "व्यंजन मेला"	31 दिसंबर, 2026
34	बिहार के हस्तशिल्प के स्टॉल	31 दिसंबर, 2026

➢ नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्य

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना (अस्थायी STP)	31 दिसंबर, 2026
2	पम्प एवं पाइपलाइन की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
3	यह सुनिश्चित करना कि गंगा नदी में किसी प्रकार का अपशिष्ट जल प्रवाहित न हो	31 दिसंबर, 2026
4	पॉन्ड लाइनिंग सहित अस्थायी तालाब का निर्माण	31 दिसंबर, 2026
5	कीट नियंत्रण (पेस्ट कंट्रोल)	31 दिसंबर, 2026
6	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं निस्तारण – सूखा कचरा (MRF) एवं गीला कचरा (कम्पोस्ट)	31 दिसंबर, 2026
7	कंगन घाट से तख्त श्री हरमंदिर जी एवं गुरु का बाग तक स्थायी सी०सी०टी०वी० कवरेज	31 दिसंबर, 2026
8	श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के आसपास की गलियों का पक्कीकरण एवं नाला निर्माण (जो अन्य विभागों द्वारा नहीं लिया गया है)	31 दिसंबर, 2026
9	पटना नगर निगम द्वारा सड़कों की मरम्मति–(i) बड़े की गली (ii) हरमंदिर गली	31 दिसंबर, 2026
10	नगर विकास विभाग की निधि से निर्माणाधीन सड़कों को पूर्ण करना	31 दिसंबर, 2026
11	हरमंदिर गली, कचौड़ी गली एवं आसपास की गलियों से जल–जमाव हटाना	31 दिसंबर, 2026
12	पटना सिटी क्षेत्र में अवस्थित नालों की आवश्यक उड़ाही एवं मरम्मति	31 दिसंबर, 2026
13	चौक थाना के पास पम्पिंग स्टेशन एवं जलापूर्ति पाइप का निर्माण	31 दिसंबर, 2026
14	पटना सिटी, गाँधी मैदान एवं अन्य अंचलों में विशेष सफाई अभियान एवं उपकरणों की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
15	गाँधी मैदान से पटना सिटी तक सम्पूर्ण मार्ग एवं प्रमुख सड़कों की सफाई की उत्कृष्ट व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
16	श्रद्धालुओं के विभिन्न आवासन स्थलों एवं आसपास साफ–सफाई की उचित व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
17	पटना सिटी क्षेत्र में चिन्हित स्थलों पर कूड़ेदान की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
18	नियमित फॉगिंग	31 दिसंबर, 2026
19	पुराने सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों की मरम्मति एवं रख–रखाव	31 दिसंबर, 2026
20	चिन्हित स्थलों पर चलंत/पोर्टेबल शौचालय एवं यूरिनल का अधिष्ठापन	31 दिसंबर, 2026
21	नगर कीर्तन मार्ग पर पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
22	निर्मित सभी स्थायी पियाऊ का रख–रखाव एवं विभिन्न स्थलों पर अस्थायी पियाऊ की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026

23	पटना सिटी क्षेत्र में निर्बाध जलापूर्ति की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
24	पटना सिटी क्षेत्र के सड़कों एवं गलियों को अतिक्रमण मुक्त कराना	31 दिसंबर, 2026
25	मौजूदा स्ट्रीट लाइटों की मरम्मति एवं रख–रखाव	31 दिसंबर, 2026
26	पटना सिटी क्षेत्र में बुडको द्वारा लगाये गये सहित सभी हाई मास्ट एवं स्ट्रीट लाइटों को पूर्ण रूप से चालू रखना	31 दिसंबर, 2026
27	पटना में अवस्थित सभी फ्लाई ओवर पर लगी लाइटों को क्रियाशील रखना	31 दिसंबर, 2026
28	पटना साहिब की सभी गलियों में एल.ई.डी. लाइट	31 दिसंबर, 2026
29	पटना नगर निगम में अन्य जिलों से कार्यपालक पदाधिकारी/नगर प्रबंधकों की प्रतिनियुक्ति	–
30	विविध मदों में व्यय हेतु स्थानीय प्रशासन को आवंटन	–
31	शटल सेवा एवं विशेष ट्रेनों हेतु रेलवे बोर्ड से अनुरोध	–

➢ पथ निर्माण विभाग से संबंधित कार्य

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	कंगन घाट से दुमरही घाट (दीदारगंज) तक दो लेन पथ का निर्माण	31 दिसंबर, 2026
2	जे.पी. गंगा पथ के अंतिम छोर से दुमरही घाट (दीदारगंज) तक सीधा पहुँच पथ (लगभग 2 कि०मी०)	31 दिसंबर, 2026
3	अशोक राजपथ से तख्त श्री गुरुद्वारा होते हुए कंगन घाट तक जाने वाले मार्ग की मरम्मति	31 दिसंबर, 2026
4	न्यू बाईपास से गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ होते हुए सिटी चौक एवं मुख्य गुरुद्वारा तक पथ की मरम्मति एवं रख–रखाव	31 दिसंबर, 2026
5	पटना साहिब रेलवे स्टेशन एवं मुख्य गुरुद्वारा के आसपास की सड़कों की मरम्मति एवं रख–रखाव	31 दिसंबर, 2026

➢ रेलवे से संबंधित कार्य

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	पटना के सभी रेलवे स्टेशनों पर हेल्प डेस्क की स्थापना	
2	पटना साहिब रेलवे स्टेशन पर यात्री निवास/रिटायरिंग रूम की व्यवस्था	
3	रेलवे यात्री विश्राम गृह को तख्त साहिब जी के साथ संयुक्त रूप से उपयोग किये जाने की अनुमति	
4	स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म सौंदर्यीकरण एवं पार्किंग	
5	पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल से पटना हेतु विशेष ट्रेनें	
6	पटना साहिब रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की सुविधा के मद्देनजर आवश्यक व्यवस्था	

➢ लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से संबंधित कार्य

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	पार्किंग स्थल पर पेयजल एवं शौचालय से संबंधित कार्यों का पर्यवेक्षण	31 दिसंबर, 2026
2	टैंकर से जलापूर्ति हेतु टैंकरों की उपलब्धता	31 दिसंबर, 2026
3	सभी प्रमुख आयोजन स्थलों पर जल ए.टी.एम. की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
4	आवासन हेतु चयनित विद्यालयों में पूर्व में निर्मित शौचालयों का रख–रखाव एवं आवश्यकतानुसार अतिरिक्त शौचालयों का निर्माण।	31 दिसंबर, 2026

➢ ऊर्जा विभाग से संबंधित कार्य

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	पटना सिटी क्षेत्र एवं गुरूद्वारा के आस–पास जर्जर तारों को बदलना एवं Aerial Bunch Cabling कार्य का सुदृढ़ीकरण।	31 दिसंबर, 2026
2	टेन्ट सिटी हेतु ट्रान्सफार्मर की आवश्यकता का आकलन एवं उपलब्धता।	31 दिसंबर, 2026
3	बिजली की निर्बाध उपलब्धता।	31 दिसंबर, 2026
4	टेन्ट सिटी, पार्किंग स्थल गुरूद्वारा में विद्युत व्यवस्था का पर्यवेक्षण।	31 दिसंबर, 2026
5	हरमंदिर गली, बड़े की गली एवं कचौड़ी गली में लटकते / बेकार तारों को हटाना	31 दिसंबर, 2026
6	निर्माणाधीन सड़कों में बाधक बिजली के खंभों को हटाना	31 दिसंबर, 2026

➢ शिक्षा विभाग से संबंधित कार्य

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	श्रद्धालुओं एवं पुलिस बल की आवासन हेतु चयनित विद्यालयों का आवंटन।	31 दिसंबर, 2026
2	चयनित विद्यालयों में पूर्व में की गयी मरम्मति एवं निर्मित स्थायी शौचालयों, यूरिनल, स्नानागार, विद्युत वायरिंग, पेय जल आपूर्ति आदि का रख–रखाव कार्य BSEIDC के माध्यम से कराया जाना।	31 दिसंबर, 2026

➢ स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कार्य

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	पी0एम0सी0एच0, एन0एम0सी0एच0 तथा गुरूगोबिन्द सिंह अस्पताल में डेडीकेटेड वार्ड की स्थापना।	31 दिसंबर, 2026
2	चिकित्सक एवं पारा मेडिकल स्टाफ की प्रतिनियुक्ति।	31 दिसंबर, 2026
3	टेंट सिटी में अस्थायी अस्पताल की स्थापना (हृदय रोग विशेषज्ञ / कार्डियोलॉजिस्ट की प्रतिनियुक्ति सहित)	31 दिसंबर, 2026
4	कैथ लैब युक्त 4–5 निकटतम अस्पतालों को चिन्हित / नामित करना	31 दिसंबर, 2026
5	रेलवे स्टेशनों, आवासन स्थलों, नगर कीर्तन मार्ग एवं प्रमुख आयोजन स्थलों पर चिकित्सा शिविर	31 दिसंबर, 2026

➢ परिवहन विभाग से संबंधित कार्य

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	श्रद्धालुओं के परिवहन हेतु पाटलीपुत्रा, दानापुर, पटना जंक्शन, राजेन्द्र नगर टर्मिनल एवं पटना साहिब स्टेषन से गुरूद्वारा तक बसों की व्यवस्था।	31 दिसंबर, 2026
2	पटना हवाई अड्डा से श्रद्धालुओं हेतु परिवहन की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
3	पटना एवं राजगीर के सभी गुरुद्वारों तक श्रद्धालुओं हेतु निःशुल्क बस सेवा	31 दिसंबर, 2026
4	गाँधी मैदान, कंगन घाट एवं राजगीर के बीच बस सेवा	31 दिसंबर, 2026
5	पटना सिटी क्षेत्र/कंगन घाट टेंट सिटी में ई–रिक्शा/ऑटो रिक्शा के परिचालन	31 दिसंबर, 2026
6	कंगन घाट से गुरुद्वारा गाय घाट तक श्रद्धालुओं के लिए स्टीमर की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
7	पड़ोसी राज्यों (झारखंड, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल) तथा अन्य राज्यों (पंजाब एवं हरियाणा) से पटना हेतु विशेष बसें	31 दिसंबर, 2026
8	बिहार के अन्य जिलों से आने वाले श्रद्धालुओं हेतु बसों की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026

➢ नागर विमानन विभाग

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	चंडीगढ़/अमृतसर से पटना हेतु विशेष उड़ानों की व्यवस्था हेतु समन्वय	31 दिसंबर, 2026

➢ कॉम्फेड (सुधा डेयरी)

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	लंगर हेतु सुधा डेयरी द्वारा दूध, पनीर एवं घी की पर्याप्त आपूर्ति	31 दिसंबर, 2026

➢ सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से संबंधित कार्य

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	माननीय मुख्यमंत्री के विजन को रेखांकित करते हुए 360वें प्रकाश पर्व पर वृत्तचित्र का निर्माण	31 दिसंबर, 2026
2	राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचार–प्रसार अभियान (प्रिंट, टी०वी०, रेडियो एवं सोशल मीडिया)	31 दिसंबर, 2026
3	प्रेस वार्ता के माध्यम से विशेष थीम शबद का लोकार्पण	31 दिसंबर, 2026
4	तख्त श्री हरिमंदिर साहिब जी गुरुद्वारा में आयोजित मुख्य समारोह का दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो एवं विभिन्न चौनलों द्वारा सीधे प्रसारण की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
5	टी.वी. कमर्शियल एवं रेडियो जिंगल का प्रसारण	31 दिसंबर, 2026
6	फ्लैक्स एवं होर्डिंग का अधिष्ठापन	31 दिसंबर, 2026

➢ गृह विभाग से संबंधित कार्य

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	पुलिस पदाधिकारी एवं बल की अतिरिक्त आवश्यकता	31 दिसंबर, 2026
2	ट्रैफिक प्लान तैयार करना एवं तदनुसार आरक्षी, ट्रॉली, ट्रैफिक पोस्ट आदि की व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026
3	अतिरिक्त 15 चेक पोस्ट	31 दिसंबर, 2026
4	पुलिस बलों के मूवमेंट, आवासन, भोजन, वाहन ईंधन आदि के लिए आवंटन	31 दिसंबर, 2026
5	पटना सिटी क्षेत्र में वैकल्पिक पार्किंग स्थलों का चयन	31 दिसंबर, 2026
6	नगर कीर्तन मार्ग पर यातायात प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था	31 दिसंबर, 2026

➢ कला एवं संस्कृति विभाग/खेल विभाग से संबंधित कार्य

क्र० सं०	संबंधित कार्य	निर्धारित समयावधि
1	अंतर्राष्ट्रीय सिख सम्मेलन हेतु आमंत्रण–पत्र का प्रेषण	20 नवम्बर, 2026
2	होटलों की बुकिंग	30 नवम्बर, 2026
3	ज्ञान भवन की बुकिंग	30 नवम्बर, 2026
4	प्रकाश पर्व हेतु प्रख्यात कलाकारों द्वारा विशेष थीम शबद की रचना	31 दिसंबर, 2026
5	पारंपरिक खेल प्रतियोगिता (गतका, कबड्डी, खो–खो, कुश्ती, रस्साकशी) का आयोजन – टीमों का आमंत्रण, आवासन एवं पुरस्कार	31 दिसंबर, 2026

4. उक्त प्रस्तुतीकरण के उपरांत माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा संबंधित विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया। साथ ही पटना सहिब रेलवे स्टेशन का भी जिर्णोद्धार करने का निदेश पूर्व मध्य रेलवे के उपस्थित पदाधिकारी को दिया गया।

5. उक्त कार्यक्रम में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को जलमार्ग से गुरूद्वारा पहुँचने की सुविधा हेतु गंगा नदी में 3 से 4 जलयान (Vessels) चलाने के लिए नजदीकी राज्यों अथवा एजेंसियों से किराये पर लेने का निदेश दिया गया है।

6. वर्ष 2016–17 में सम्पन्न श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज की 350वीं जयंती के अवसर पर सरकार द्वारा किये गये उत्कृष्ट तैयारियों की काफी सराहना की गई थी, जिसे देखते हुए उक्त छवी को बरकरार रखते हुए वर्तमान में ससमय उत्कृष्ट व्यवस्था करने का निदेश देते हुए बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई।

06.11.16

सरकार के सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

ज्ञापांक–03 / विविध–21–59 / 2026 – 11240 - / न०वि०एवंआ०वि० / पटना, दिनांक– 06/11/2026

प्रतिलिपिः– माननीय मुख्यमंत्री के सचिव / मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी एवं विकास आयुक्त के आप्त सचिव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

06.11.26

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–03 / विविध–21–59 / 2026 – 11240 - / न०वि०एवंआ०वि०, दिनांक– 06/11/2026

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / गृह विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / कला एवं संस्कृति विभाग / स्वास्थ्य विभाग / आपदा प्रबंधन विभाग / पर्यटन विभाग / स्वास्थ्य विभाग / सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग / ऊर्जा विभाग / पथ निर्माण विभाग / खेल विभाग / डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग / प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना / प्रमंडलीय आयुक्त, सारण / महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर / पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना / पुलिस महानिरीक्षक, पटना / जिला पदाधिकारी, पटना, जिला / जिला पदाधिकारी, सारण / जिला पदाधिकारी, वैशाली / वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना / नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना / प्रबंध निदेशक, साउथ बिहार, पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लि०, पटना / प्रबंध निदेशक, बुडको / प्रबंध निदेशक, बेल्ट्रॉन / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

06.11.26

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–03 / विविध–21–59 / 2026 – 11240 – / न०वि०एवंआ०वि०, दिनांक– 06/11/2026

प्रतिलिपिः– प्रबंधक, गुरूद्वारा प्रबंधन समिति, तख्त श्री हरमंदिर जी गुरूद्वारा, पटना सहिब को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

06.11.26

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–03 / विविध–21–59 / 2026 – 11240 - / न०वि०एवंआ०वि०, दिनांक– 06/11/2026

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

06.11.26

सरकार के सचिव।